दैनिक जागरण 06-03-2025

क्विज स्पर्धा में पूर्वांश व कल्पना की टीम अव्वल

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में मंगलवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में मैनेजमेंट विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में आर्ट्स, कामर्स एवं साइंस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कालेज प्राचार्य ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभाग के सभी प्राध्यापकों को बधाई दी। कार्यक्रम की संयोजक डा. अमिता ने बताया कि प्रतियोगिता में पहले सभी टीमों की स्क्रीनिंग करवाई गई। जिन टीमों ने स्क्रीनिंग में अच्छा प्रदर्शन किया, उन टीमों का प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम की सहसंयोजक डा. रवनीत कौर ने कार्यक्रम का शुभारंभ वेलकम स्पीच देकर किया। मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्ष डा. भारती विज ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को नई-नई जानकारियां मिलती है एवं विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में अच्छी तैयारी करके पूरे जोश के साथ भाग लेना चाहिए। क्विज प्रतियोगिता में पूर्वांश शर्मा, प्रभसिमरन कौर, कल्पना की टीम ने प्रथम स्थान, तनु शर्मा, श्रुति शर्मा, संजना की टीम ने दूसरा स्थान तथा गुरसिमर, मनोरमा, अनुपमा की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।

क्विज प्रतियोगिता में भाग लेती जीएमएन कालेज की छात्राएं। ● सौजन्य विज्ञप्ति